**Publication Name:** The Hindustan Times
**Publication Date:** 07/02/2026
**Edition:** Delhi
**Page No:** 16
**CCM:** 704.35

# Amit Shah launches India's first cooperative-based taxi service 'Bharat Taxi'



Union Home and Cooperation Minister Amit Shah launched India's first cooperative-based taxi service, 'Bharat Taxi', in New Delhi. On this occasion, Union Minister of State for Cooperation Krishan Pal Gurjar, Murlidhar Mohol, and Cooperation Secretary Dr Ashish Kumar Bhutani, along with several dignitaries, were present.

In his address, Shah said that under the leadership of PM Narendra Modi, the Ministry of Cooperation is developing an ownership-rights model for people working in the unorganised sector. Within three years, Sahakar Taxi will become a very big medium for the welfare of our taxi Sarathis.

**Publication Name:** Business Standard
**Publication Date:** 07/02/2026
**Edition:** Jaipur
**Page No:** 8
**CCM:** 59.06

# Mission Saksham to focus on capacity building for Urban Cooperative Banks

Stressing that the Primary (Urban) Cooperative Banks (UCBs) are vital institutions for promoting financial inclusion and serving the unbanked, the RBI Governor said, securing their next phase of growth would depend on developing stronger skills and competencies, along with technical capabilities and operational resilience in them.

To serve this objective, Malhotra said, the Reserve Bank will soon launch Mission SAKSHAM (Sahakari Bank Kshamta Nirman)— a sector-wide capacity-building and certification framework. The capacity building of the sector will be implemented through a large number of physical training programmes as well as a scalable learning platform, to cover about 140,000 participants, across functions, he said. PTI

**Publication Name:** Navbharat Times
**Publication Date:** 07/02/2026
**Edition:** Delhi
**Page No:** 4
**CCM:** 1898.42

Bharat Taxi Drivers to Give Delhi Tour to Tourists

# पर्यटकों को दिल्ली की सैर कराएंगे भारत टैक्सी के ड्राइवर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली देश** का पहला राज्य बन गई है, जिसने सहकारी मोबिलिटी प्लैटफॉर्म 'भारत टैक्सी' के साथ औपचारिक साझेदारी की है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को ही औपचारिक रूप से 'भारत टैक्सी' सेवा लॉन्च की थी, जिसके बाद शुक्रवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम (DTTDC) ने भारत टैक्सी की सहकारी इकाई सहकार टैक्सी को-ऑपरेटिव लिमिटेड (STCL) के साथ एमओयू पर साइन किए। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा, DTTDC के प्रबंध निदेशक सुनील अंचिपाका और महाप्रबंधक डी. कार्तिकेयन भी मौजूद रहे। STCL की ओर से वाइस चेयरमैन रोहित गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी कर्नल हिमांशु और ऑपरेशंस एंड कम्युनिटी एंगेजमेंट की कार्यकारी आरुषि कौल मौजूद रहीं।

## सरकार ने 'भारत टैक्सी' संग मिलाया हाथ



### MOU की खास बातें...

- टैक्सी के जरिए घूमने-फिरने के खास पैकेज भी शुरू किए जाएंगे
- दो घंटे, चार घंटे और पूरे दिन के दर्शनीय स्थल भ्रमण के विकल्प होंगे
- पॉइंट-टु-पॉइंट टैक्सी सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य दिल्ली में सहकारी मॉडल के तहत आधुनिक और भरोसेमंद टैक्सी सेवाओं को मजबूत करना है। साथ ही परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ ऐसे मॉडल को आगे बढ़ाना है, जिसमें तकनीक के साथ-साथ मानवीय गरिमा और आजीविका की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। सहकारी टैक्सी मॉडल इसी सोच को जमीन पर उतारता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस साझेदारी के तहत DTTDC पर्यटन और ब्रांडिंग पार्टनर की भूमिका निभाएगा। चूंकि टैक्सी चालक पर्यटकों के लिए शहर का पहला परिचय होते हैं, उसी को ध्यान में रखते हुए उन्हें सॉफ्ट स्किल्स, दिल्ली की संस्कृति, इतिहास और विरासत से जुड़ा विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षित हुए ड्राइवर दिल्ली पर्यटन के 'ब्रैंड एम्बेसडर' के रूप में काम करेंगे। वहीं, STCL अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म और सहकारी ड्राइवर नेटवर्क के जरिए तकनीकी रूप से सक्षम और सुरक्षित टैक्सी सेवाएं उपलब्ध कराएगा, जिससे रोजमर्रा के यात्रियों और पर्यटकों को व्यवस्थित और भरोसेमंद सेवा मिलेगी।

समझौते के तहत दिल्ली आने वाले पर्यटकों के लिए टैक्सी के जरिए घूमने-फिरने के खास पैकेज भी शुरू किए जाएंगे। इनमें दो घंटे, चार घंटे और पूरे दिन के दर्शनीय स्थल भ्रमण के विकल्प होंगे, जिनमें दिल्ली और आस-पास के प्रमुख पर्यटन स्थल शामिल रहेंगे। इसके अलावा शहर के भीतर एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए पॉइंट-टु-पॉइंट टैक्सी सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे लास्टमाइल कनेक्टिविटी बेहतर होगी। मोबाइल ऐप और तकनीक के जरिए आसान बुकिंग, साफ-सुथरी और पारदर्शी किराया व्यवस्था और तय सेवा मानकों से दिल्लीवासियों और पर्यटकों का यात्रा अनुभव बेहतर होगा। वहीं टैक्सी चालकों के लिए भी सम्मानजनक काम के साथ-साथ स्थिर इनकम और भविष्य की आर्थिक सुनिश्चित की जाएगी।

**Publication Name:** Dainik Jagran
**Publication Date:** 07/02/2026
**Edition:** Delhi
**Page No:** 5
**CCM:** 159.56

## Bharat Taxi drivers will get culture-related training: Rekha Gupta

# भारत टैक्सी के चालकों को मिलेगा संस्कृति से संबंधित प्रशिक्षण : रेखा गुप्ता

**राज्य ब्यूरो, जागरण, नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने भारत टैक्सी के सहकारी मोबिलिटी प्लेटफार्म के साथ औपचारिक साझेदारी की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि इसका उद्देश्य दिल्ली आने वाले पर्यटकों और यहां के नागरिकों को सुरक्षित, भरोसेमंद और पारदर्शी टैक्सी सेवा देना और टैक्सी चालकों की आय बढ़ाना व सम्मान को मजबूत करना है।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में हुई बैठक में दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी) ने भारत टैक्सी की सहकार टैक्सी को-आपरेटिव लिमिटेड (एसटीसीएल) के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि टैक्सी चालकों को दिल्ली की संस्कृति, इतिहास और विरासत से जुड़ा विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षित चालक दिल्ली पर्यटन के ब्रांड एंबेसडर बनेंगे। दिल्ली आने वाले पर्यटकों के लिए विशेष पैकेज शुरू किए जाएंगे। इनमें दो घंटे, चार घंटे और पूरे दिन के दर्शनीय स्थल के भ्रमण के विकल्प होंगे। इसमें दिल्ली और आसपास के प्रमुख पर्यटन स्थल शामिल रहेंगे। वहीं शहर के अंदर एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए ये टैक्सी रहेगी। इस पहल में टैक्सी चालकों की आमदनी और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। सहकारी माडल के तहत चालक अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा खुद रखेंगे, जो मौजूदा निजी एग्रीगेटर कंपनियों की तुलना में कहीं ज्यादा होगा। इसके साथ ही चालक इस सहकारी संस्था के हिस्सेदार भी होंगे। इससे उन्हें अपनी बात रखने का भी मौका मिलेगा। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री व डीटीटीडीसी के चेयरमैन कपिल मिश्रा, डीटीटीडीसी के प्रबंध निदेशक सुनील अंचिपाका व महाप्रबंधक डी कार्तिकियन, एसटीसीएल उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हिमांशु और आपरेशंस व कम्युनिटी एंगेजमेंट की कार्यकारी आरुषि कौल उपस्थित थे।

**दिल्ली सरकार ने किया सहकार टैक्सी को-आपरेटिव लिमिटेड से समझौता, प्रशिक्षित चालक दिल्ली पर्यटन के ब्रांड एंबेसडर बनेंगे**

**Publication Name:** Dainik Jagran
**Publication Date:** 07/02/2026
**Edition:** Nainital
**Page No:** 16
**CCM:** 76.35

Cooperative based Bharat Taxi service will also start in the state: Rawat

# प्रदेश में भी शुरू होगी सहकारिता आधारित भारत टैक्सी सेवा : रावत

**राज्य ब्यूरो, जागरण, देहरादून:** सहकारिता आंदोलन के सशक्तीकरण के दृष्टिगत शीघ्र ही उत्तराखंड में भी सहकारिता आधारित भारत टैक्सी सेवा की शुरुआत की जाएगी। सहकारिता मंत्री डा धन सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पहल केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय की भारत टैक्सी सेवा से प्रेरित है, जिसकी शुरुआत गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने की थी। इसके तहत टैक्सी चालकों को केवल चालक नहीं, बल्कि वाहन और सेवा का वास्तविक स्वामी बनाया गया है। इस सहकारी माडल का उद्देश्य बड़ी कारपोरेट कंपनियों की तरह कमीशन आधारित पूंजी निर्माण नहीं, बल्कि सारथियों को उनके मुनाफे का अधिकार देकर उनकी आय, सुरक्षा व आत्मसम्मान को सुदृढ़ करना है। कहा कि उत्तराखंड में तेजी से पर्यटन, तीर्थाटन और वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी उभर रहा है।